www.politelive.com
सफलता पूर्वक 4 साल
# पोलिट लाइव
दैनिक डिजिटल अखबार
*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 292 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND
CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL
CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)
ADMISSION OPEN
SESSION 2024 - 2025
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION
LIMITED SEATS
FIT INDIA SCHOOL
TOP 500
ISO 9001:2015
NURSERY TO CLASS XII
SCIENCE, COMMERCE & ARTS
BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

**लोकसभा चुनाव पहला चरण...**

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर कुल 60.03 प्रतिशत मतदान के साथ हुआ संपन्न

पोलिट लाइव रिपोर्टर

PL चुनाव न्यूज डेस्क - लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई. इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ. अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटिंग हुई. पहले चरण में कई प्रमुख नेताओं और हस्तियों ने भी वोट डाला, जिनमें कांग्रेस





के दिग्गज नेता पी चिदंबरम, उनके बेटे और शिवगंगा उम्मीदवार कार्ति चिदंबरम, अभिनेता रजनीकांत, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और डीएमके सुप्रीमो एमके स्टालिन शामिल हैं.

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई. सभी सीटों पर शाम 7 बजे तक 62.37 फीसदी मतदान दर्ज किया गया. अब ये वोटिंग मशीन 4 जून को खुलेंगी. सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई. इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ. अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव के लिए भी वोटिंग हुई. चुनाव आयोग ने कहा कि शाम 7 बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट मिलने के बाद बढ़ सकता है. वहीं, पश्चिम बंगाल और मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की सूचना मिली. अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है.

पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू और कश्मीर, लक्षद्वीप, पुद्दुचेरी में मतदान संपन्न . पहले चरण में इन राज्यों में 102 सीटों पर मतदान हुआ

वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि मतदान की बेहतरीन प्रतिक्रिया मिल रही है.



# बैंक में पैसा जमा करने जा रहे सात व्यवसाईयों को थाने ले आई पुलिस

**धनबाद पुलिस की कार्रवाई से व्यवसायी परेशान,**

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद: बैंकमोड़ स्थित एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक से बैंकमोड पुलिस ने सात लोगों को लाखों रुपए के साथ बैंक के बाहर से लोगों को पूछ ताछ और जाँच के लिए लाया गया है। इसमें टीवीएस इंश्योरेंस कंपनी, मच्छली व्यवसाई और पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी शामिल हैं। इंश्योरेंस कंपनी के पास से 18 लाख रुपये, मच्छली व्यवसाई से 20 लाख रुपये जबकि पंप कर्मी के पास से पांच लाख रुपए मिले हैं। इधर मामले की खबर मिलने पर आईटी की टीम भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। सात लोगों से बरामद रकम 50 लाख रुपए से ऊपर हैं, जिनमे कई लोग जमा करने तो कई पैसा निकासी करने एचडीएफसी बैंक पहुंचे थे। पुलिस की इस कार्यवाही से व्यवसाईयों में आक्रोश है। व्यवसाईयों का कहना है की पुलिस बेवजह उन्हे परेशान कर रही है। पेट्रोल पंप मालिक का कहना है की आखिर डेली सेल का पैसा वे कहा जमा करेंगे और पैसा बैंक खाते में जमा नहीं करेंगे तो पेट्रोल पंप में तेल कैसे आएगा। यही स्थिति रही तो उन लोगों को पंप बंद करना पड़ेगा। पंप मालिक संजय सिंह ने बताया की पेट्रोलियम तेल के लिए बैंक में पैसा जमा करने के लिए स्टाफ को भेजा गया था, तभी बैंक से थोड़ी दूरी पर ही वह किसी कारणवश रुका तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उनके पास सारे दस्तावेज है, आईटी फाइल है और पैसे किस खाते में समय समय पर जमा होते रहे हैं इसकी पूरी डिटेल दिखाई जा रही है।

> बैंक मोड़ क्षेत्र में चुनाव आयोग के आड़ में क्षेत्र के व्यापार एवम् व्यापारियों पर भयादोहन क़तई बर्दाश्त नहीं है । बैंक के अंदर से व्यापारियों से कैश पकड़ कर थाना लाना और ज़ब्त करना ग़लत है ।
>
> प्रसासन चाहे तो चुनाव तक व्यापारी दुकाने बंद कर चाभी प्रसाशन को दे देंगे ।
>
> लोकेश अग्रवाल
> महासचिव
> बैंक मोड़ चैम्बर

# 3 लाख रुपए की नकली शराब निरसा के गोरगा बस्ती से जब्त



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए उत्पाद विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रहा है।

इस कड़ी में विभाग ने एक नकली शराब फैक्ट्री में छापामारी कर लगभग 3 लाख रुपए की नकली शराब बरामद की। इसकी जानकारी देते हुए उत्पाद आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में स्थानीय पुलिस के सहयोग से अवैध शराब कारोबारी विकास साहनी के यहाँ छापेमारी की गई। इस क्रम में कैरामल, स्प्रिट, विभिन्न ब्रांड की 124 लीटर नकली शराब, भारी मात्रा में लेबल, कैप बरामद किया है। बरामद सामान की अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 3 लाख रूपये है।

## एस.एन.एम.एम.सी.एच. धनबाद ने रक्त दान प्रेरित के लिए रक्त संग्रह करने वाले विभिन्न ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद : एस.एन.एम.एम.सी.एच. धनबाद के बैनर तले समाज को रक्त दान के लिए प्रेरित कर रक्त संग्रह करने वाले विभिन्न ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कई सामाजिक संस्थाएं जिन्होंने रक्त संग्रह कर कई जरूरतमंद लोगों को जीवन दान देने का काम किया जो सहरानीय हैं, उक्त बाते धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हो कर बताया, एस. एन.एम.एम.सी.एच प्रबंधक द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे शहर के कई रक्त संग्रह संस्थानों को सम्मानित किया गया, मौके पर विधायक समेत कई डॉक्टर उपस्थित थें।

# शत प्रतिशत वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बंटनी चाहिए - डसीएलआर

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में धनबाद एवं टुंडी विधानसभा के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

इस अवसर पर डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने सभी बीएलओ को तटस्थ और निष्पक्ष होकर स्वयं मतदाता के घर जाकर शत प्रतिशत वोटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटने का निर्देश दिया। साथ ही सभी बीएलओ को नए मतदाता का नाम सूची में जोड़ने के लिए फॉर्म 6 लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक भी योग्य मतदाता मतदान करने से वंचित रहेगा तो आयोग इस पर संज्ञान लेकर गंभीर कार्रवाई करेगा।

उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्र पर साफ सफाई, रैंप, शेड, शौचालय, पर्याप्त पानी की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को पूरा कर लें। सभी सुपरवाइजर, बीएलओ के साथ मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरुक करे।

## रक्तदान-महादान के क्षेत्र में अव्वल योगदान देने पर ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को मिला सम्मान



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स टीम को रक्तदान-महादान के क्षेत्र में अव्वल कार्य और लगातार ज़रूरत मंद लोगो को रक्तदान कर जीवन बचाने एवं हर महीने के दो तारीख़ को दो यूनिट रक्तदान करने, करवाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर सामाजिक कार्य में लगातार समाज के प्रति कुछ अच्छा करने की कोशिश को देखते हुए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल कॉलेज हॉस्पिटल सभागार में आयोजित सभा में सामाजिक संस्था ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो मुख्य अतिथि धनबाद विधायक श्री राज सिन्हा, सीआईएसएफ़ डीआईजी श्री विनय काजला सर, डॉ. प्रतिभा रॉय, डॉ. यूके ओझा, डॉ. बिके पांडेय के द्वारा ह्यूमैनिटी टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल एवं टीम को सम्मानित किया गया।



# धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के जीत क़ी रणनीति बनाने मे जुटे कोंग्रेसी

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी का सुनिश्चित जीत दिलाने को लेकर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में की आवश्यक बैठक ब्लैक रौक होटल,बैंकमोड़ में आयोजित किया गया हैं! उक्त बैठक में इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह जी मुख्य रूप से उपस्थित थीं! बैठक में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक,झारखंड प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के चैयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, राष्टीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए.के.झा,झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद,प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा,दुर्गा दास,रविरंजन सिंह जी उपस्थित थे!

कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी ने किया!

उक्त बैठक में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा देवी ने कहा कि चुनाव प्रचार के क्रम में धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनताओं का अपार समर्थन,स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत हूं,यह चुनाव धनबाद लोकसभा की सर्वांगीण विकास एवं भय मुक्त धनबाद बनाने को लेकर हैं! आगे उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने कांग्रेस के सरकार बनते ही हिंदुस्तान की हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें,खेती करें,छोटा नौकरी करें,हर गरीब महिला को एक लाख रुपया देने की हैं,साथ-साथ महिला सशक्तिकरण को सशक्त व मजबूत बनाते हुए महिला के सुनिश्चित भागीदारी देने की है जैसे राहुल गांधी ने मुझे धनबाद से टिकट देकर अपने घोषणा को सच किया है और निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनते ही देश के हर गरीब महिलाओं की साल में ₹1 लाख रुपया देने का अपना वायदा भी पूरा करेंगी, देश की जनता मोदी सरकार के क्रियाकलाप से त्रस्त,परेशान और हतोत्साहित हैं,महंगाई व बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं, लोग आर्थिक संकटों से जूझ रही हैं,इसके बावजूद मोदी सरकार मूकदर्शक बनी हुई हैं,लोग इस बार भाजपा के लुभावने झूमलों के झांसे में आने वाले नही हैं,भाजपा के चाल चेहरा और चरित्र को समझ चुकी हैं,2024 के लोकसभा चुनाव में धनबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता भाजपा को धनबाद लोकसभा से उखाड़ फेंकने का काम करेगी!

योगेंद्र सिंह योगी लक्ष्मण तिवारी कयूम खान,शाहिदा सीता राणा राजू दास,रामगोपाल भुवानिया, कुमार गौरव सिंह, नवीन सिंह,जोगिन्दर सिंह जोगी, माला झा सतपाल सिंह ब्रोका,लक्ष्मण तिवारी,अक्षयवर प्रसाद पप्पू पासवान,सन्तोष राय,कालीचरण यादव,इरफान चौधरी मंटू दास पप्पू कुमार तिवारी जितेश सिंह कुमारसंभव बाबू अंसारी, हिमायु राजा, मृत्युंजय सिंह मनोज हाडी, गोपाल कृष्ण चौधरी जयप्रकाश चौहान, डी एन यादव, अजय कुमार गैरूल हसन, विजय पासवान इंदू अंसारी, जियाऊल हसन, इम्तियाज अली,क्यूम खान,कृष्ण वर्मा रणधीर ठाकुर पिंटू टतुरी पूर्णेन्दु सिंह मधु शसूदन चौधरी रुबी खातून पूनम देवी जानकी देवी मुस्कान खातून सत्यानंद पांडे अरशद कलीम रमेश राय बमभोले सिंह वीरेंद्र सिंह किशोर कुमार राजा अंसारी कामता पासवान माली गोप महेंद्र पासवान सरफुद्दीन अंसारी प्रभारी वाला लिखना है मनोज घोष कामता पासवान गंगा वाल्मीकि सहित सैकड़ो लोग उपस्थिति थे!

## गृहणी अनुपमा सिंह को धनबाद से प्रत्याशी बनाये जाने के खिलाफ ललन चौबे ने दिया इस्तीफा

- झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और कांग्रेस के बुजुर्ग कद्दावर नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया
- कुल स्थानीय 11 लोगों ने दावेदारी की थी क्या किसी मे योग्यता नहीं थी - ललन चौबे



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और कांग्रेस के बुजुर्ग कद्दावर नेता ललन चौबे ने शुक्रवार को पद और पार्टी से इस्तीफा दे दिया. वह धनबाद से अनुपमा सिंह को टिकट देने से नाराज थे. उन्होंने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि विधायक अनूप सिंह की पत्नी को टिकट देकर कांग्रेस पार्टी ने कार्यकर्ताओं का अपमान किया है. लोग पूछ रहे हैं कि आखिर किस मजबूरी में कांग्रेस पार्टी ने ऐसा निर्णय लिया है. ललन चौबे ने कहा कि धनबाद लोकसभा सीट से कुल स्थानीय 11 लोगों ने दावेदारी की थी. लेकिन जब उम्मीदवार की घोषणा की बारी आई तो बाहर के उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी गई.

### कुल 11 स्थानीय लोगों ने दावेदारी की थी

ललन चौबे का कहना है कि अगर 11 में से किसी भी स्थानीय को उम्मीदवार बना दिया गया रहता, तो ना उन्हें कोई दिक्कत थी और ना कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को कोई परेशानी होती. लेकिन कांग्रेस पार्टी ने तो हद कर दी. घरेलू एक महिला को उम्मीदवार बना दिया. वह भी महिला बेरमों की रहने वाली है. ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मान और सम्मान में गहरा धक्का लगा है. इस स्थिति में पार्टी में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है. अपने समर्थकों के साथ आज इस्तीफा दे दिया.उन्होंने विधायक अनूप सिंह पर भी आरोप लगाए . एक पेपर कटिंग का हवाला देकर कई आरोप लगाए.


# EAST END CONVENT

Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
   For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# धनबाद लोक सभा उम्मीदवार थर्ड जेंडर किन्नर सुनैना को मिला धमकी

**ना डरूंगी, ना हटूंगी और ना ही विकूंगी - सुनैना**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : थर्ड जेंडर किन्नर जो साइंस के तर्क अनुसार क्रोमोजोन्स में गड़बड़ी की वजह से होता है लेकिन हिन्दू सनातन धर्म मे किन्नरों को बहुत आदर और सम्मान के नज़र से देखा जाता है, यहाँ तक क़ी बच्चे के जन्म बाद किन्नरों से ही आशीर्वाद दिलाया जाता है, इसके अलावे किसी भी शुभ कामों मे शादी विवाह बाद किन्नर समाज को नेग दे कर आशीर्वाद लेने की प्रथा आदि काल से है महाकवि कालिदास के अमर ग्रंथ कुमार संभव और मदभागवत गीता मे भी किन्नरों का वर्णन है...

और इसी समाज से निकली तेज तरार धनबाद क़ी जन्मी, पीके रॉय कॉलेज क़ी पढ़ी लिखी बी ए पास सुनैना सिंह है,जिसकी जन्म भूमि और कर्म भूमि कोयलांचल धनबाद ही है, जो अपने अभिभावक छम छम देवी और शांति देवी को ही मानती है, छम छम देवी झारखण्ड किन्नर समाज क़ी प्रदेश अध्यक्ष है, एवं शांति देवी गद्दी पट्टी दे कर उत्तराधिकारी धनबाद क़ी बनाई है, फिलहाल धनबाद किन्नर समाज क़ी



सुनैना सिंह अध्यक्ष है और अपने हंस मुख और सामाजिक कार्यो एवं सेवा मे आगे रहने वाली व्यवहार के कारण ही शुभ चिंतको ने धनबाद लोक सभा क़ी उम्मीदवार बनने पर मजबूर कर दिया

जैसे ही उम्मीदवार घोषित हुई है सभी बड़े बड़े राजनितिक पार्टियों के उम्मीदवारों का नींद हराम हो गया और अब तो उम्मीदवारी वापस लेने के लिए दबाब के साथ धमकी और पैसा का प्रलोभन भी दी जा रहा है, जो मोबाईल मे प्रूफ के तौर पर उपलब्ध है,

सुनैना सिंह ने अपने चित परिचित अंदाज़ मे पोलिट लाइव न्यूज़ क़ी सुचिता के साथ विशेष बात चित मे लोक सभा चुनाव क़ी तैयारी क़ी विस्तृत तैयारी साझा करते हुए बताई क़ी कोरोना काल मे भी समाज सेवा करती रही हुई लेकिन कभी सोशल मीडिया पर डालना उन सभी का अपमान था जैसे मै सहयोग या सेवा क़ी थी, और निरंतर सेवा करती रहती हुई,

लेकिन चुनाव मे उम्मीदवारी घोषणा होते ही राष्ट्रीय पार्टी क़ी नींद हराम हो गई है, और तरह तरह से डराने धमकाने मे लोग लग गए है,

आगे उन्होंने कहाँ क़ी मेरी कोई राष्ट्रीय पार्टी के तरह संगठन नहीं है लेकिन जनता और जजमान सभी बूथ और चुनाव का मैनेजमेंट करेंगी, और एक नया इतिहास धनबाद मे कायम होंगी जिससे धनबाद क़ी कया कल्प सिस्टम को बदल दूंगी..

## पीठासीन पदाधिकारियों को दिया 2 बीयू कनेक्ट करने का प्रशिक्षण



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : लोकसभा चुनाव के सफल एवं त्रुटि रहित क्रियान्वयन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर पीठासीन पदाधिकारियों को 2 बैलट यूनिट कनेक्ट करने का प्रशिक्षण दिया। इस क्रम में सभी पीठासीन पदाधिकारियों को बताया गया कि मतदान के लिए यदि 2 बैलट यूनिट मिलते हैं तो वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट से कैसे सभी मशीनों को आपस में कनेक्ट करना है। इसकी सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक जानकारी मास्टर प्रशिक्षक श्री पुष्कर चन्द्र झा एवं श्री शिरोमणि दुबे के द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण सत्र में सहायक नगर आयुक्त श्री प्रसून कौशिक, उमेश लाल, संजय कुमार, दिलीप कर्ण, राजकुमार वर्मा, अजीत सिंह, सुरेश कुमार, अनूप बाजपेयी, सियाराम सिंह आदि उपस्थित थे।

**जैक रिजल्ट मैट्रिक 2024**

## वासेपुर की फिजा फातिमा बनी धनबाद जिला टॉपर राज्य भर में 5वां स्थान






पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :वासेपुर मिल्लत हाई स्कूल की छात्रा फिजा फातिमा मैट्रिक में पुरे राज्य में 98 प्रतिशत अंक लेकर 5वां स्थान प्राप्त की है और 490 अंक लाकर धनबाद जिले प्रथम स्थान प्राप्त की फिजा फातिमा को बहुत-बहुत बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं धनबाद क़ी जनता ने दिया, स्कूल प्रबंधक ने भी बधाई एवं शुभकामनायें दी है.

## धनबाद विधानसभा के बीएलओ, सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए न्यू टाउन हॉल में धनबाद विधानसभा के 458 मतदान केंद्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उनको महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट, साइनेज लगाना, वोटर इनफॉर्मेशन स्लिप बांटना इत्यादि के बारे में जानकारियां दी गई।




New Aruna Press # 9973748859

# दुधमुंहे बच्चे का कुएं में शव मिलने से कुमारधुबी के बर डंगाल में सनसनी फ़ैल गई

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी : कुमारधुबी के बर डंगाल में शुक्रवार के दोपहर ढाई बजे कुएं से छह माह के दुधमुंहे बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गयी। किसी अज्ञात ने बड़े ही निर्ममता से बच्चे को कुएं में फेंक दिया। बच्चा गुजरात में नौकरी कर रहे रौशन सिन्हा का एकलौता पुत्र था। दादी के साथ सो रहा बच्चा दोपहर डेढ़ बजे अचानक गायब हो गया था। मां की लिखित शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने मामले का जल्द उद्भेदन का दावा किया है।



### क्या है पूरा मामला--.......

रौशन की मां शारदा सिन्हा बच्चे को लेकर जमीन पर सोई हुई थी। मां चौकी पर सोई थी। शारदा के अनुसार वह दोपहर डेढ़ बजे बच्चे (पोता) को तेल मालिश करने के लिये उठी तो देखा वह गायब था। इसके बाद पास ही चौकी पर सोई मां को उठाया। दोनों ने मिलकर बच्चे की खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। एक घंटे बाद दोनों पुलिस के पास पहुंची और घटना की जानकारी दी। ओपी प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंची। आसपास खोजबीन की तो घर से करीब एक सौ मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में बच्चे का शव देखा। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे के शव को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है। साथ ही मृत बच्चे की मां की लिखित शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बल्गर वाहन सिंदूरपुर पुलिया में गिरने से ड्राइवर खलासी घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : गोविंदपुर बलियापुर रोड मुख्य सड़क मार्ग सिंदूरपुर जोड़िया पुलिया के पास तेज गति से सिंदरी की ओर जा रही एक वल्गर वाहन ( टैंकर) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगा रेलिंग को तोड़ते हुए खेत में जा गिरी। इस दुर्घटना में वाहन के चालक शेख मुजीबुर व खलासी रूबीलाल हेंब्रम बुरी तरह घायल हो गया। घटना शुक्रवार की सुबह 5:00 बजे की है। घटना की खबर पाकर अगल-बगल के लोग घटना स्थल पर पहुंचे और वाहन में फंसे चालक एवं खलासी को बाहर निकाला। बताया जाता है कि उक्त वाहन के आगे चल रहा एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने के क्रम में यह दुर्घटना घटी। खबर पाकर मौके पर पहुंची बलियापुर पुलिस ने घायल चालक एवं खलासी को इलाज के लिए बलियापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को शहीद निर्मल महतो मेमोरियल हॉस्पिटल धनबाद रेफर कर दिया। घायल चालक एवं खलासी दोनों पश्चिम बंगाल स्थित बीरभूम का रहने वाला बताया जाता है। दूसरी ओर उक्त सड़क दुर्घटना के दौरान दुर्घटनाग्रस्त वाहन के चपेट में आकर सड़क किनारे बिछाए गए मेगा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त पाइप से जलापूर्ति का पानी काफी बहने लगा। जिससे बलियापुर के कई गांव में पाइप लाइन से पानी नहीं पहुंच पाया। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पानी नहीं मिलने से लोगों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार आसन्न लोकसभा आम चुनाव के निमित्त प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पंचायत अलकडीहा, मुकुंदा एवं सुरुंगा के कुल 13 मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन किया गया। मुकुंदा पंचायत अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुकुंदा के मतदान केंद्र संख्या 286, 287 में शौचालय की मरम्मती कर ली गई है और नया दरवाजा भी लगा लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 290 नया प्राथमिक विद्यालय हरिबोल थान मुकुंदा में रैंप का सुदृढ़ीकरण कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अविलंब एएमएफ सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। ग्राम पंचायत सुरुंगा स्थित मतदान केंद्र संख्या 302, 303, 304, 305 उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुरुंगा में चापाकल खराब था, जिसकी मरम्मती कर लिया गया है। मतदान केंद्र संख्या 306 प्राथमिक विद्यालय जगन कोच का भी निरीक्षण कर एएमएफ सुदृढ़ीकरण के संबंध में किया जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया।

## बलियापुर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

पोलिट लाइव रिपोर्टर




सिंदरी: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त धनबाद के निदेशानुसार शुक्रवार को आसन्न लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र सिंदरी नगर निगम के वार्ड संख्या 53 के मतदान केन्द्र सं० 376, 377, 378, 379, 380, 381 में मतदाताओं को जागरूक एवं उनकी शतप्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से बलियापुर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। विदित हो बलियापुर प्रखण्ड अंतर्गत कुल 63 मतदान केन्द्र राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत के रूप में चिन्हित किये गये हैं, इनमें से 47 मतदान केन्द्र सिंदरी नगर निगम क्षेत्र के हैं। यह रैली काण्ड्रा बाजार से निकलकर कोल बोर्ड, डीवीसी मोड़ होते हुए मुसाबनी कॉलोनी तक पहुँची। इस दौरान मतदान क्षेत्र के मतदाताओं को आगामी 25 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने की अपील की गयी। मतदाताओं को घरों से निकलकर मतदान केन्द्रों दिवस के दिन मतदान केन्द्रों तक पहुँचने के लिए प्रोत्साहित किया गया। रैली में स्वीप प्रखण्ड स्तरीय स्वीप टीम, नोडल पदाधिकारी, सभी बी०एल०ओ० पर्यवेक्षक सम्मलित हुए थे।

## दीप नारायण सिंह के नेतृत्व में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू पार्टी में सदस्यता ली



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोमो : श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में जदयू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। इस दौरान टुंडी विधानसभा क्षेत्र के कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जदयू के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार और खीरु महतो में आस्था व्यक्त करते हुए दीप नारायण सिंह की उपस्थित में जदयू पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने पार्टी में शामिल होने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को सदस्यता रसीद दे कर पार्टी में शामिल किया और बधाई दी। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि टुंडी विधानसभा में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जदयू पार्टी से जुड़ रहे हैं। इससे पार्टी मजबूत होगी और लोकसभा चुनाव में एनडीए को लाभ होगा।

# तोपचांची में छात्र-छात्राओं ने साइकिल से निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से की 25 मई को अपने मत का प्रयोग कर सशक्त लोकतंत्र के निर्माण की अपील**

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार तोपचांची प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सिंहदाहा के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को लेकर साइकिल रैली निकाली।

इस दौरान छात्र-छात्राएं हाथों में वोट देने की अपील की तख्तियां लेकर चल रहे थे। जिसमें पहले मतदान फिर जलपान, युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान, अपनी ताकत को पहचान चलो करें हम मतदान, भारत भाग्य विधाता है... हम युग के निर्माता है... हमसे ही यह देश...चले हम मलिक मतदाता है, चाहे नर हो या नारी मतदान सब की जिम्मेवारी, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, सत्य और ईमान से सरकार बनाएंगे मतदान से, अब जागो प्यारे, मतदाता वोट हमारा अधिकार जैसी स्लोगन लिखा था।

छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत के नागरिकों को शत प्रतिशत मतदान देकर एक सशक्त सरकार का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना चाहिए। धनबाद जिला के हर नागरिक जिनका उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो गया हो वे सभी 25 मई को अपना मतदान जरूर करें।

मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# पांच दिवसीय श्री श्री 108 श्री मारूति नंदन महायज्ञ पश्चिमी टुंड़ी के बंगारो में 121 कन्याओं की कलश यात्रा के साथ गई शुरू

पोलिट लाइव रिपोर्टर





टुंड़ी / धनबादः पश्चिमी टुण्डी प्रखण्ड क्षेत्र मनियाडीह थाना के जीतपुर पंचायत अंतर्गत बंगारो गांव में श्री श्री 108 श्री मारूति नंदन महायज्ञ पांच दिवसीय तिथि :- 19 /04/2024 से 23/04/2024 तक आयोजित किया गया हैं ।

जिसका शुभारम्भ आज 121 कलश कुंवारी कन्याओं एवं महिलाओं ने बंगारो यज्ञ स्थल से तीन किलोमीटर पैदल चलकर नेमोरी जोरिया में कलशों में यज्ञ आचार्य अयोध्या वालें भागीरथ पाण्डेय अपने सहयोगियों पुरूषोत्तम शास्त्री, गौतम शास्त्री एवं चन्दन शास्त्री के सहयोग से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों में जल भरवाकर पुनः बंगारो यज्ञ स्थल पंक्ति बद्ध होकर गाजे - बाजे पहूंचे । चार मुख्य यजमान सपत्नीक काली चरण महतो - फुल कुमारी देवी , प्रेम चन्द महतो - भवानी देवी, सुधीर तुरी - उषा देवी, ठाकुर प्रसाद महतो - पुष्पा देवी की भूमिका रही ।। यज्ञ स्थल में सतु की शरबत एवं शीतल पेय जल और रसना की व्यवस्था किया गया था, सतु शरबत स्टोल की विधिवत फिता काटकर उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि सह आजसू केन्द्रीय सदस्य दिनेश कुमार राय ने किया, सहयोग में पूर्व प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि मंगल प्रसाद महतो, समाजसेवी चन्द्र मोहन राय , सुरेश बाउरी एवं खुबलाल मंडल, पारा शिक्षक संजय महतो इत्यादि उपस्थित रहें ,,तथा शीतल पेय एवं रसना शरबत स्टोल की विधिवत फिता काटकर उद्घाटन यज्ञ समिति के मुख्य यजमान काली चरण महतो ने किया सहयोग में सभी यजमान उपस्थित रहें ।।

कलश यात्रा में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक सह आसान्न लोकसभा 2024 चुनाव के इंडिया प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, जिप सदस्या-04 मीना हेम्ब्रम, पश्चिमी टुंडी क्षेत्र के समाजसेवी सह भाजकिमो के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्द्र मोहन राय एवं समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह इत्यादि के अलावा बंगारो गांव के समस्त महिलाएं, पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियां रहें उपस्थित।

## डीसी माधवी मिश्रा ने एडीएम व अन्य चुनाव पदाधिकारी के साथ झरिया अग्नि प्रभावित मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : डीसी माधवी मिश्रा नें शुक्रवार को एडीएम व अन्य चुनाव पदाधिकारी के साथ झरिया क्षेत्र के अग्नि प्रभावित मतदान केंद्र का औचक निरीक्षण किया इस दौरान श्रीमती मिश्र ने पत्रकारों को बताया कि झरिया के आग प्रभावित बूथ संख्या 225 226 का निरीक्षण किया गया है बुथ को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है इसको लेकर जिले के सभी चुनाव पदाधिकारी से भी विचार विमर्श किया जाएगा साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों से भी बात की जाएगी अग्नि प्रभावित के कारण उक्त मतदान केंद्र असुरक्षित हो गया है. मतदाताओं के सुविधा पर पूरा ध्यान दिया जाएगा किसी तरह का परेशानी नहीं होने दी जाएगी साथ ही मतदान केंद्र पर पीने का स्वच्छ पानी व शौचालय का सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा वही विकलांग मतदाताओं के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं का ध्यान रखा जाएगा झरिया धनबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ता हमारा प्रमुख लक्ष्य है इसको लेकर जिले के सभी पदाधिकारी जागरूकता अभियान चला रहे हैं.

## न्यू पोपुलर अकादमी अंग्रेजी माध्यम स्कूल के नए भवन का उद्घाटन शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के काली मंडा मे हुआ संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

कुमारधुबी: शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के काली मंडा में न्यू पोपुलर अकादमी (अंग्रेजी माध्यम) स्कूल का उद्घाटन नए भवन में जे एस सी ए के सदस्य अभिजीत घोष की माता रीना घोष , मुखिया अनामिका देवी, तथा मुखिया पति संजय यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया ने कहा कि इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवार के बच्चों को विशेष सुविधा दी जाएगी। विद्यालय का लक्ष्य वैसे बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देना है,जो पढ़ने में बेहतर होते हुए भी पैसे के अभाव में अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते है। इस मौके पर प्रो डी सिंह, उप मुखिया सरिता कुमारी, संजीव मजूमदार, दोयल घोष, आदित्य ठाकुर, विक्की पासवान, चंद्रशेखर, प्रभात, प्रभाकर, मेघनाथ, विकास ,प्रत्यूष आदि मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में संस्थापक प्रमुख महात्मा हंसराज का जन्मदिन मनाया गया





पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में डीएवी के संस्थापकों में प्रमुख महात्मा हंसराज का जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि महात्मा हंसराज जी वास्तव में महात्मा थे। एक महान शिक्षाविद् के साथ ही साथ समाजसेवी के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। महात्मा जी का जीवनकाल हम सभीलोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है। केवल 22 वर्ष की आयु में डीएवी स्कूल लाहौर के प्रधानाचार्य बने तथा बीकानेर में आये भीषण अकाल के दौरान दो वर्षों तक बचाव व सहायता का कार्य किया| वहीं जोधपुर के अकाल में लोगों की सहायता, अनाथ बच्चे आर्य आनाथालयों में पालन-पोषण के लिये गये।

मोके पर समाज सेवी राजू पांडेय,मानवाधिकार कार्यकर्ता राजीव कुमार गोप और संस्कृत शिक्षक बृजकिशोर द्विवेदी, माहेश्वरी प्रसाद पाण्डेय,विद्यालय के छात्र और छात्राएं आदि उपस्थित थे।

## सेना के जवान शहीद नायक प्रज्ञानंद सिंह के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुई सचेतक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह



पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरिया : जामाडोबा जीतपुर निवासी रिटायर्ड टिस्को कर्मी तथा भूतपूर्व सेना के जवान गजेन्द्र सिंह के छोटे पुत्र जम्मू कश्मीर के उधमपुर कैंप में पोस्टेड सेना के जवान 34 वर्षीय प्रज्ञानंद सिंह की श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुई सचेतक सह झरिया विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह। जीतपुर आवास में शोकाकुल परिवार से मिल कर शहीद जवान की माता जी तथा पत्नी को ढाढस बंधाते हुए विधायक जी ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही शहीद नायक की प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन देते हुए विधायक जी ने कहा की शहीद प्रज्ञानंद जी की मूर्ति ऐसी जगह स्थापित की जायेगी जिससे लोगों को उनसे देश सेवा की प्रेरणा मिले।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह, मृणालकांत सिंह, सिंटू सिंह, रवि थापा, अमित आर्यन, हरेंद्र यादव, त्रिलोचन तिवारी, विकाश सिंह, गौरव चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

## यूपीएससी में बीआईटी सिंदरी के पूर्ववर्ती छात्रों ने लहराया परचम

पोलिट लाइव रिपोर्टर








सिंदरी: संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2023 में बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) सिंदरी के पूर्ववर्ती छात्रों ने परचम लहराया है।

असैनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र 2013 के छात्र अंकुर कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2023 की प्रतिष्ठित परीक्षा में बीआईटी का नाम रोशन किया है। अंकुर ने ऑल इंडिया रैंकिंग में 283 वां स्थान हासिल किया है। साथ ही असैनिक विभाग के सत्र 2013 के छात्र मो. आतिफ वकार ने यूपीएससी की परीक्षा में 819 वां रैंक हासिल किया।

इसके अलावा बीआईटी सिंदरी के रासायनिक अभियंत्रण विभाग के सत्र 2009 की पूर्ववर्ती छात्रा मोनिका पटेल ने 708 वां स्थान हासिल किया है।संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज राय ने छात्रों की सराहना की और इस उपलब्धी पर बधाई दी । उन्होंने कहा कि यह परिणाम संस्थान के लिए गर्व का विषय है और बीआइटी के छात्रों के लिए सभी सफल छात्र प्रेरणास्रोत है। झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी.के. सिंह ने छात्रों के कड़ी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि तीनों छात्रों ने सफलता का एक नया मुकाम हासिल किया है और झारखंड का मान बढ़ाया है।

मीडिया के साथ इस खबर को साझा करते हुए असैनिक अभियंत्रण विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ब्रह्मदेव यादव ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अगर किसी विद्यार्थी के पास दूरदर्शिता के साथ अनुशासन, कड़ी मेहनत और पक्का इरादा हो तो सभी कुछ संभव है।

# माध्यमिक परीक्षा में स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर रतन पुर टुंडी के विद्यार्थियों ने शानदार परचम लहराया




पोलिट लाइव रिपोर्टर


टुंडी : सुदूर वनस्थली में 1994 से स्थापित व संचालित आवासीय सह दिवसीय स्वरुप सरस्वती विद्या मंदिर रतनपुर टुण्डी धनबाद जो 1994 से शिक्षा का अलख जगाता आवासीय सह दिवसीय विद्या मंदिर रतनपुर टुंडी में उत्तरोत्तर विकसित:-

जैक बोर्ड माध्यमिक परिणाम 2024 की सफलता : कक्षा प्रथम से दशम तक बनवासी व अन्य बालक-बालिकाओं को शिक्षा व खेल क्षेत्र में बहूमुखी शिक्षण-प्रशिक्षण देते हुए पिछड़े गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए विद्या मंदिर कटीवद्ध है, इसी क्रम में जैक बोर्ड माध्यमिक परिणाम 2024 में बनवासी- व अन्य बालक-बालिका ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतिभा देखकर बच्चों के अभिभावकों ने सफलता पर विद्या मंदिर को बधाई दी। विद्या मंदिर प्रबंधसमिति मा. अध्यक्ष शरत दुदानी,मा. सचिव शैलेश अग्रवाल, मा. कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, सदस्य विक्रांत उपाध्याय ने विद्या मंदिर माध्यमिक 2024 के भैया-बहनों को शुभाशीष प्रदान किए एवं देश के लिए सफल नागरिक बनने हेतु आगे बढ़ने की शुभकामना की।

**विद्या मंदिर के श्रेष्ठ 10 भैया-वहिनः-**

1.शालिनी मिश्रा = 96. %
2.सुष्मिता सोरेन = 94.20%
3.धर्मेंद्र गोप - 94%
4.सुषमा कुमारी - 93. 60%
5.गीता हेम्ब्रम - 93.%
6 राजकुमार रजवार - 93%
7.विकास टूडू - 93%
8.विष्णु हेम्ब्रम - 92%
9.कृष्णा कुमार मंडल -91.60%
10.शिवानी कुमारी- 91%

## वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में मदर टेरेसा स्कूल की प्रिया कुमारी ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त क़ी


Priya Kumari 91.40% school Topper M.T.H.S Sindri

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी: वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में मदर टेरेसा स्कूल की प्रिया कुमारी ने 457 नंबर 91%40 लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विधालय के प्रिया कुमारी ने 450 नंबर 90% लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।तृतीय स्थान पूजा कुमारी ने 445 नंबर प्राप्त किया जिसे 89% अंक मिला हैं।

विद्यालय से कुल 229 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिन में से 2 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे थे। 188 विद्यार्थियों ने प्रथम,32 विद्यार्थियों ने द्वितीय तथा 01 विद्यार्थी ने तिथियां श्रेणी से उत्तीर्णता प्राप्त की हैं।वहीं विधालय के 06 छे विद्यार्थी अनुतीर्ण हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आगे और अच्छा करने की शुभकामनाएं दी।

**विद्यालय का कुल परिणाम 97.35प्रतिशत रहा**

प्रथम — प्रिया कुमारी 457 नंबर 91.40%
द्वितीय — प्रिया कुमारी 450 नंबर 90%
तृतीय — पूजा कुमारी 445 नंबर 89%
चतुर्थ — नीलम कुमारी 430 नंबर 86%
पंचम — कुंदन कुमार महतो 428 नंबर 85.60%


## बाघमारा हाइ स्कूल के छात्र आकाश प्रमाणिक मैट्रिक में प्रखंड टॉपर रहा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



बलियापुर: बाघमारा हाई स्कूल के छात्र आकाश प्रमाणिक मैट्रिक की परीक्षा में प्रखंड टॉपर रहा है. उसने 94 .40% अंक लाकर बलियापुर का नाम रोशन किया है. छात्र पलानी गांव निवासी शिक्षक धीरेंद्र प्रमाणिक का पुत्र हैं। वह आगे इंजीनियर बनना चाहता है मां आरती देवी, भाई विकास प्रमाणिक, बहन प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी इन्हें बधाई दिए हैं इसके अलावा शिक्षक शिक्षक आदित्य प्रसाद मिर्धा स्वप्न कुमार महतो परितोष घोषाल आदि ने बधाई दिए ।प्रमाणिक का कहना है कि इसका श्रेय माता-पिता हुआ शिक्षक एवं दोस्त को दिया है।

## स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर रतनपुर टुंडी क़ी शालिनी मिश्रा ने 96% अंक ला कर स्कूल टॉपर बनी



पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : शालिनी मिश्रा प्रपुत्री स्मृतिशेष वेदानंद मिश्रा विज्ञान शिक्षक टुंडी, सुपुत्री सरिता मिश्रा एवं सफल कुमार मिश्रा, ग्राम+पोस्ट- टुंडी की रहने वाली स्वरूप सरस्वती विद्या मंदिर में कक्षा प्रथम से माध्यमिक सत्र 24 तक अध्यनरत रही एवं विद्या मंदिर से माध्यमिक परीक्षा देकर झारखंड बोर्ड से 96% प्राप्तांक प्राप्त कर धनबाद जिले में श्रेष्ठ 10 में स्थान प्राप्त की साथ ही विद्या मंदिर, रतनपुर, टुंडी में पहला स्थान प्राप्त की। विद्या मंदिर के पठन- पाठन से ही मैं यहां तक अपनी प्रतिभा निखार सकी हूं| यद्यपि मेरे पिता श्री सफल कुमार मिश्रा संस्कृत विभाग के आचार्य रूप से कार्यरत हैं। उनकी सकारात्मक प्रेरणा हमें मिलती है और मैं जागरूक रहती हूं। अभाव का अनुभव मुझे नहीं होने देते हैं और आगे देश के लिए अध्ययन हेतु प्रेरित करते हैं। इस कार्य में मेरी माता श्रीमती सरिता मिश्रा एवं बड़ी बहन शिवानी मिश्रा का ससमय सहयोग मिलते रहता है। मेरी इच्छा है कि विज्ञान संकाय से प्रवेशिका उत्तीर्ण हो और देश के लिए अभियंता बनूं।

